एनजीओ ने वापस लिए संसाधन

# स्वच्छता संरक्षण में सेंध : नहीं उठा रहा समय पर कचरा



**रतलाम.** जावरा में स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार पिछडने के बाद भी नगर पालिका आगे आने के प्रयास नहीं कर पा रही है, पिछले साल नपा ने शहर से उठने वाले कचरे को डोर टू डोर संग्रहित करने के लिए एनजीओ को ठेका दिया था, लेकिन अब ठेका पुरा हो गया है। एनजीओ ने अपने संसाधन नपा से वापस ले लिए, ऐसे में अब नपा के कर्मचारी अधुरे संसाधनों के साथ शहर के घरों से कचरा उठा रहे है।

कहीं एक दिन छोड़कर तो कहीं दोपहर तक कचरा गाड़ी पहुंच रही है। कचरा गाड़ी में तैनात कर्मचारी भी लोगों को गीला और सुखा कचरा अलग अलग फैकने के लिए नहीं बोल रहे है। महिलाओं को स्वयं गाड़ी के पास आकर कचरा डालना पड़ रहा है, ऐसे में गीला और सुखा कचरा एक साथ डाला जा रहा है। शहर के साथ ही ट्रैचिंग ग्राउण्ड के हाल भी बेहाल है, शहर से कचरा लेकर गाड़ी सादाखेड़ी स्थित ट्रैचिंग ग्राउण्ड तो पहुंच रही है, लेकिन वहां भी कचरा पृथक नहीं किया जा रहा है। ट्रैचिंग ग्राउण्ड पर गीला और सुखा कचरा एक साथ फेका जा रहा है। जिसके चलते ट्रैचिंग ग्राउण्ड के हाल बेहाल है। लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

पत्रिका 15/11/22

# रजिस्ट्री के समय प्रॉपर्टी आईडी नंबर देना होगा

## टैक्स रजिस्टर ऑनलाइन होगा, इससे कई विवाद घर बैठे निपटेंगे

मनोज जोशी | भोपाल

एक अप्रैल से प्रॉपर्टी टैक्स और रजिस्ट्री सिस्टम में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। नए वित्त वर्ष में यदि आप प्रॉपर्टी बेचेंगे तो रजिस्ट्री के समय उसका नगर निगम में दर्ज प्रॉपर्टी आईडी नंबर बताना होगा। निगम का प्रॉपर्टी टैक्स रजिस्टर भी ऑनलाइन होगा। इससे एक जैसे मकान के अलग-अलग प्रॉपर्टी टैक्स जैसे कई विवादों का घर बैठे ही समाधान हो जाएगा। प्रॉपर्टी आईडी नंबर होने से खरीददार को संपत्ति की पहचान करने में आसानी हो जाएगी। उससे जुड़े विवाद भी पता चल जाएंगे। निगम के रिकार्ड में नामांतरण भी रजिस्ट्री के साथ ही हो जाएगा। प्रॉपर्टी टैक्स रजिस्टर को ऑनलाइन करने से प्रॉपर्टी टैक्स में अंतर की बड़ी शिकायत दूर हो जाएगी। भोपाल में साढ़े चार लाख से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स के खाते हैं। इनमें नाम, पता, एरिया, परिक्षेत्र आदि को लेकर निगम के पास हर साल 10 से 15 हजार आवेदन पहुंचते हैं। एक बड़ी संख्या डुप्लीकेट खातों की भी है।

भास्कर

### दफ्तर के चक्करों से मुक्ति

### घर बैठे शिकायत, टैक्स की गणना भी

यदि किसी प्रॉपर्टी में कोई बदलाव होता है, यानी खाली प्लॉट की जगह बिल्डिंग बन जाती है या बिल्डिंग में कोई नया कंस्ट्रक्शन हो जाता है तो संबंधित व्यक्ति ऑनलाइन ही निगम को सूचना दे सकेगा और उसके हिसाब से प्रॉपर्टी टैक्स की नए सिरे से गणना की जा सकेगी।

### 20 हजार के टैक्स पर पेनाल्टी अधर में

नगर निगम द्वारा कुछ माह पूर्व 20 हजार रुपए से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स 31 दिसंबर तक जमा नहीं करने पर लगाई गई पेनाल्टी अधर में है। प्रशासक के संकल्प और आयुक्त के आदेश के बावजूद इसे ई-नगरपालिका में इंटिग्रेशन नहीं किया जा सका है।

### हम सब ऑनलाइन कर रहे हैं : कोलसानी

*हम प्रॉपर्टी टैक्स रजिस्टर को ऑनलाइन करने के साथ आम लोगों को ऑनलाइन ही बदलाव करने की सुविधा दे रहे हैं। नए वित्त वर्ष से इसे लागू करने की तैयारी है। रजिस्ट्रार कार्यालय में भी चर्चा हो गई है, इसके लिए जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं।*

**- वीएस चौधरी कोलसानी,** कमिश्नर, नगर निगम

दै. भास्कर 15/1/22

# अशोक विहार व जैन मंदिर के पीछे वाली कॉटेज कॉलोनी की सारी सड़कें टूटेंगी

## एक्शन में आया सरकारी अमला, कॉलोनी सेल चेक करवा रही रिकॉर्ड

**कॉलोनियों की खेती**

### अतिक्रमण भी तो नहीं है यह देखने नपती करेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अशोक विहार नामक अवैध कॉलोनी समेत सागोद रोड जैन मंदिर के पीछे कॉटेज (बड़े प्लॉट) कॉलोनियों की सारी सीमेंट कांक्रीट की सड़कें टूटेंगी। रसूखदार भूमाफियाओं के हौसले पस्त करने के लिए सरकारी अमले ने कार्रवाई तेज कर दी है। कॉटेज नुमा भूखंड ऊंची कीमत पर बेचने के लिए बनाई गई सीमेंट कांक्रीट की सड़क को लेकर पटवारी रिपोर्ट पहले ही कॉलोनी सेल तक पहुंच गई है। एक बार संबंधित भूमाफिया को नोटिस जारी हो चुके हैं। इसमें भूमाफिया सड़क बनाने की परमिशन को लेकर डायवर्शन के दस्तावेज के अलावा कुछ ठोस प्रमाण नहीं दे पाए हैं। अब प्रशासन एक बार और नोटिस जारी कर भूमाफिया को मौका देगा। उसके बाद सीसी सड़कें टूटना शुरू हो जाएगी। उधर अशोक विहार नामक अवैध कॉलोनी की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन का कॉलोनी सेल भी एक्शन में आ गया है। उसने मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रारंभिक जानकारी जुटाना शुरू कर दी है। इसमें बिना परमिशन बनाई गई सीमेंट कांक्रीट रोड के साथ ही जमीन का राजस्व रिकॉर्ड चेक किया जाएगा।

### होमगार्ड रोड की कॉलोनियों व अतिक्रमण पर होगी कार्रवाई

इधर होमगार्ड रोड की अवैध कॉलोनियों और अतिक्रमण कर कब्जाई गई सरकारी जमीनों को मुक्त कराने के लिए चली फाइल भी एक कदम और आगे बढ़ गई है। मानसरोवर कॉलोनी के 6 अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस देने के साथ ही सुनवाई की प्रोसेस शुरू हो चुकी है। इसके निपटते ही राजस्व विभाग कार्रवाई कर जमीन का अतिक्रमण हटा देगा। इसके अलावा होमगार्ड रोड की अवैध कॉलोनियों की जमीनों का रिकॉर्ड भी बाहर आ गया है। इसके अनुसार कॉलोनियों की जमीनों की नपती की जाएगी। कब्जा पाए जाने पर उसे भी हटाया जाएगा।

**मामला दबाने में लगे भूमाफिया और दलाल** - लगातार हो रही कार्रवाई से रसूखदार भूमाफियाओं के साथ प्रापर्टी ब्रोकर्स में भी हड़कंप मचा हुआ है। इसके दो कारण है, एक प्लॉट बिकना बंद हो गए हैं, दूसरे सौदे नहीं होने या पहले के सौदे निरस्त होने से दलालों को दलाली नहीं मिल रही है। ऐसे में अब भूमाफिया और दलाल मिलकर अफसरों पर दबाव बनाकर कार्रवाई रुकवाने की जुगाड़ लगाते फिर रहे हैं, हालांकि अब तक उनकी दाल नहीं गल पाई है।

दै. भास्कर 15/1/22

बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भूखण्डों के सर्वे से लेकर अन्य कामकाज भी बताए

# निगम अमले को बूस्टर डोज लगवाने आयुक्त ने ली बैठक

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संपत्तिकर व जलकर वसूली, 2000 स्क्वेयर फीट से अधिक के भवन/भूखण्डों, कोरोना के मरीजों को मेडिकल किट प्रदान करने, निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कोरोना का बूस्टर डोज लगवाये जाने के संबंध में निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आयोजित बैठक में 2000 स्क्वेयर फीट से अधिक के भवन/भूखण्ड के सर्वे हेतु नियुक्त दल को निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि प्रथम चरण में व्यावसायिक भवन/भूखण्डों का सर्वे कर संबंधित द्वारा भरे गये विवरणी से मिलान किया जाये। विवरणी में दर्शाये गये क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल पाया जाता है संबंधित को नपती किये क्षेत्रफल का 5 गुना संपत्तिकर वसूला जाये। नगर की औद्योगिक ईकाईयों की भवन निर्माण अनुज्ञा जांच हेतु निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि जी.एम. डीआईसी से नगर की औद्योगिक ईकाईयों की सूची प्राप्त करें।



आयोजित बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि संपत्तिकर, जलकर व दुकान की वसूली तेजी से किये जाने हेतु व्हाट्स एप ग्रुप बनाये जाकर प्रतिदिन की वसूली की जानकारी अपलोड की जाये। इसके अलावा उन्होने निर्देषित किया कि कम्पाउडिंग के कार्य में तेजी लायें व संबंधितों को नोटिस जारी किये जाये। मुख्यमंत्री द्वारा चलाये गये अंकुर अभियान के तहत निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को वायु दूत एप डाउनलोड कर अपने-अपने घरों उद्यानों व अन्य स्थानों पर रोपे गये पौधो व उनके रख-रखाव की जानकारी दर्ज किये जाने के निर्देश दिये।

## तत्काल डोज के निर्देश

कोरोना से बचाव हेतु फंट लाईन वर्करों को लगाये जा रहे बूस्टर डोज के तहत निगम के ऐसे समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी जिन्हे दूसरा टीका लगवाकर 90 दिन पूर्ण हो चुके उन्हे तत्काल बूस्टर डोज लगवाये जा-
निर्देष निगम आयुक्त ने बैठक में
कोरोना के मरीज मिलने पर उन्हे व
परिजनों को मेडिकल किट समय पर उप
कराये जाने हेतु गठित दलों को निर्दे
किया कि प्रातः10.30 मेडिकल किट
कर 12.30 बजे तक वितरण
सुनिश्चित करें व प्रतिदिन की जानका
अवगत करायें। आयोजित बैठक में उ
विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरे
व्यास, मोहम्मद हनीफ षेख, स्व
अधिकारी जी.के.जायसवाल, सहायक
श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री अ
दशोत्तर, एम.के.जैन, सत्यप्रकाश अ
निज सहायक सुभाश गोयल, लेखा
विजय बालोद्रा, जगदीश पांचाल, स
स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, उपयंत्री
पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश प
ब्रजेश कुशवाह, मनीश तिवारी,
अनिता ठाकुर, सुश्री दीक्षा निजामपुर
अलावा हरीश मिश्रा, राजेन्द्रसिंह
प्रवीण शर्मा, अनिल पारा, धर्मेन्द्र
आदि उपस्थित थे।

राज एक्सप्रेस 15/1/22

## रात्रिकालीन सफाई कार्य के 2 कर्मचारी हुए बर्खास्त

**रतलाम।** शहर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगर की 4 व 2 लेन सड़क, मुख्य सड़के, व्यावसायिक क्षेत्र, प्रमुख चौराहे, उद्यान आदि की रात्रीकालिन सफाई हेतु नियुक्त सफाई मित्रो में से ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर उन्हे सेवा से बर्खास्त किया जा रहा है जिसके तहत मंगल-बाबुलाल व संजय-सजन को निगम आयुक्त के निर्देशानुसार सेवा से बर्खास्त किया गया। इसके अलावा 12 जनवरी बुधवार को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित 5 सफाई मित्रो का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। 12 जनवरी बुधवार को शेखर-सोहन, मंगल-बाबुलाल, विजय-रामसिंह, रामजीलाल-किशन व संजय-सजन द्वारा बिना सूचना के बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## गंदगी करने वाले पर किया जुर्माना



**रतलाम.** शहर में गंदगी करने वालों पर जुर्माना की कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दो बत्ती से मित्रनिवास रोड जा रहे सिटी फोरलेन पर रेती से भरे ट्रैक्टर द्वारा गंदगी करने पर उसको जब्त करते हुए अर्थदंड किया है।

निगम आयुक्त झारिया ने बताया शहर में स्वच्छता अभियान 2022 लागू कर दिया गया है। ऐसे में शहर में प्रतिदिन कचरा संग्रहण व स्वच्छता अभियान पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके बाद भी कुछ लोग गंदगी कर रहे है। ऐसे लोगों पर जुर्माना किया जा रहा है। शुक्रवार शाम को नियमित भ्रमण के दौरान देखा की एक ट्रैक्टर चालक द्वारा रेती रोड पर गिराते हुए वाहन का संचालन किया जा रहा है। इसके बाद कार्रवाई की गई। पत्रिका

## निगम आयुक्त ने ली बैठक, कहा बूस्टर डोज भी लगवाएं

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संपत्तिकर व जलकर वसूली, 2000 स्क्वेयर फीट से अधिक के भवन/भूखण्डों, कोरोना के मरीजों को मेडिकल किट प्रदान करने, निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कोरोना का बूस्टर डोज लगवाये जाने के संबंध में निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयोजित बैठक में 2000 स्क्वेयर फीट से अधिक के भवन/भूखण्ड के सर्वे हेतु नियुक्त दल को निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि प्रथम चरण में व्यावसायिक भवन/भूखण्डों का सर्वे कर संबंधित द्वारा भरे गये विवरणी से मिलान किया जाये। विवरणी में दर्शाये गये क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल पाया जाता है संबंधित को नपती किये क्षेत्रफल का 5 गुना संपत्तिकर वसूला जाये।

नगर की औद्योगित ईकाईयों की भवन निर्माण अनुज्ञा जांच हेतु श्री झारिया ने निर्देषित किया कि जी.एम. डीआईसी से नगर की औद्योगिक ईकाईयों की सूची प्राप्त करें। 4 दे.२।

## 7195 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

**रतलाम।** शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रो पर किया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार तक 7195 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

## तीन वाहन चालकों का सात दिन का वेतन काटा

**रतलाम।** कचरा संग्रहण वाहन चालक रूपेश चावरे, दर्शन खरे व संदी ऊंटवाल शुक्रवार को बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहे। इस पर सभी का सात-सात दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## 72 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को 72 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 23395, ट्रैक्टर-ट्राली से 12200, काम्पेक्टर सूखा कचरा 19315, काम्पेक्टर गीला कचरा 17485 किलो पहुंचाया गया। नई.

## चार सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा

**रतलाम।** रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के तहत गुरुवार को आनंद-बाबूलाल, विजय-सुरेश, विजय-रामसिंह व रामजीलाल-किशन बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहे। इस पर सभी का एक दिन का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। बिना सूचना के लगातार तीन दिन अनुपस्थित रहने वाले सफाई मित्रों को सेवा से बर्खास्त किया जाएगा।

## तीन कबाड़ा व्यवसायियों से वसूली राशि

**रतलाम।** ज्वलनशील पदार्थ व कबाड़ सेंटर हटाने के लिए नगर निगम द्वारा संबंधितों को नोटिस जारी किए जाने के उपरांत भी ऐसे कबाड़ा व्यवसायी जिन्होंने अपने गोदाम स्वयं नहीं हटाने पर नगर निगम द्वारा हटाया गया। राशि जमा नहीं कराने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार श्याम सोलंकी व बद्रीलाल नाहरपुरा से 10000-10000 रुपये व मसूरी ब्रदर्स जावरा रोड से 5000 रुपये की वसूली की गई। नई.

## कचरा वाहन नहीं पहुंचे, 3 ड्राइवरों का वेतन काटा

**रतलाम |** डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहन चलाने वाले ड्राइवर और हेल्पर लापरवाही कर रहे हैं। ऐसे ही तीन ड्राइवरों पर शुक्रवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्रवाई की। उन्होंने रूपेश चावरे, दर्शन खरे, संदीप ऊंटवाल का सात दिन का वेतन काट दिया है। साथ ही सेवा से बर्खास्त करने का नोटिस जारी किया है। तीनों शुक्रवार को बिना सूचना के ड्यूटी पर नहीं आए। इससे कचरा कलेक्शन वाहन वार्ड में नहीं जा पाए। इसी प्रकार रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था से बिना सूचना अनुपस्थित रहे चार सफाई मित्र पर भी एक दिन का वेतन काटने के साथ नोटिस जारी करने की कार्रवाई हुई है। भास्कर

**टीकाकरण** • सबसे ज्यादा गैप बाजना क्षेत्र में, विकासखंडवार टारगेट किए तय

# दो दिन में 24 हजार बच्चों का वैक्सीनेशन करना होगा, अधिकारी-कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम जिले में 15 से 18 साल के बच्चों के धीमे वैक्सीनेशन पर कलेक्टर का सख्त रवैया सामने आया है। दो दिन यानी शनिवार और रविवार को जिले में 24 हजार बच्चों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग विकासखंड को टारगेट दिए हैं।

इधर, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने स्पष्ट कर दिया कि टीकाकरण से जुड़े किसी अधिकारी, कर्मचारी को शनिवार, रविवार को अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। वे मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे। किसी अधिकारी ने अपने अधीनस्थ को अवकाश प्रदान किया तो वह जिम्मेदार रहेगा। शनिवार, रविवार के 2 दिन में कलेक्टर द्वारा टीकाकरण के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने को कहा है। सबसे ज्यादा गैप बाजना क्षेत्र की बताई है। कलेक्टर ने कहा शनिवार, रविवार के वैक्सीनेशन के लिए वाहनों की जरूरत की पूर्ति की जाएगी। इसके लिए रोगी कल्याण समिति से भुगतान किया जाएगा। समग्र डाटा लेकर ग्राम पंचायत सचिवों को डाटा उपलब्ध कराया जाएगा।

## बाजना के हालात सबसे ज्यादा खराब

जिले में बच्चों के वैक्सीनेशन में बाजना पीछे है, जहां 50% बच्चों को भी अब तक टीके नहीं लगे हैं। सबसे ज्यादा रतलाम शहर में 88.65% वैक्सीनेशन हुआ है। सैलाना पिपलौदा और आलोट में 60% से ज्यादा टीके लगे हैं। एक भी जगह 100% बच्चों को वैक्सीन नहीं लगी है। कलेक्टर ने स्कूल और संस्था में बिना वैक्सीन कोई भी बच्चा मिले तो एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं, हालांकि, अभी स्कूलों को बंद कर दिया है, स्कूल खुलते ही कार्रवाई सामने आ सकती है।

**चार स्कूल संचालकों को नोटिस**- रतलाम। 15 से 18 साल की आयु के स्कूली बच्चों को 100% वैक्सीनेशन के लक्ष्य के लिए बैठक में चार स्कूल से कोई नहीं आया। संचालकों को नोटिस दिए हैं। एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया स्कूलों के कुछ बच्चे टीकाकरण से बाकी है। नाहर कॉन्वेंट, निर्मला कॉन्वेंट, स्कॉलर स्कूल और सन एंड शाइन स्कूल संचालक को नोटिस दिए हैं।

दै. भास्कर 15/1/22

# मेडिकल से कोरोना टेस्ट किट खरीदने वालों का डेटा लेंगे

## निजी अस्पतालों को जांच के लिए भेजना होंगे मरीज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मेडिकल स्टोर से कोरोना टेस्ट किट खरीदने वालों का डेटा तैयार किया जाएगा। मेडिकल स्टोर्स यह डाटा रोज उपलब्ध करवाएंगे। इसमें खरीदने वाले का नाम, पता और दो मोबाइल नंबर, किट खरीदने की तारीख रहेगी।

इधर, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने प्राइवेट अस्पताल को चेतावनी दी है कि उनके यहां यदि व्यक्ति कोरोना टेस्ट के लिए आता है तो उसे शासन के तय टेस्ट सेंटर पर भेजें। विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने कहा पॉजिटिव मरीज की पूरी फैमिली क्वारेंटाइन रहे, इसकी विशेष मॉनिटरिंग की जाए। विकासखंड स्तर पर होने वाली रोगी कल्याण समिति बैठकों की जानकारी सीएमएचओ को पता हो। सीटी स्कैन या इस टाइप के उपकरण जिला रोगी कल्याण समिति के माध्यम से खरीदी करने का प्रावधान सीएसआर फंड से होना चाहिए। डॉ. पांडेय ने कहा विधायक निधि से उन्होंने पिपलौदा स्वास्थ्य संस्था को 23 लाख रुपए दिए लेकिन काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। कलेक्टर ने तत्काल काम शुरू करवाने के लिए सीएमएचओ को कहा। एसडीएम अभिषेक गहलोत ने बताया रतलाम शहर में 2500 ड्रॉपआउट बच्चों को वैक्सीन लगाए हैं, वहीं, एसडीएम ग्रामीण कृतिका भीमावद ने बताया रतलाम ग्रामीण में कुछ पेरेंट्स बच्चों को वैक्सीन लगवाने के लिए तैयार नहीं हैं, उन्हें समझाइश दी जा रही है।

दै. भास्कर 15/1/22

# स्ट्रीट लाइट के पोल लगे 6 माह बीते अभी तक नहीं जली

रतलाम ● स्वदेश समाचार
प्रतापनगर ब्रिज से डी मार्ट मछली बाजार तक रोड के दोनों किनारे पर स्ट्रीट लाइट के पोल पिछले 6 माह पूर्व लगा दिए गए हैं लेकिन उन पर लाइट की फिटिंग आज तक नहीं किए जाने से ना केवल राहगीरों को रात्रि में अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है बल्कि अन्य गतिविधियों से भी क्षेत्र में रहने वाले कॉलोनीवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

महू रोड संघर्ष समिति के सुरेश मनसुखानी, प्रकाश व्यास, प्रदीप पुरोहित, आशीष अग्निहोत्री, कबीर खान आदि ने नगर निगम प्रशासन एवं जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए यह मांग की है कि जल्द से जल्द लाइट की व्यवस्था की जाए जिससे प्रताप नगर, मंगलम सिटी , मीड टाउन, सम्यक गोल्ड सिटी, अहिंसा ग्राम सहित क्षेत्र में आने-जाने वालों को रात्रि में कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े।

आपने 15 दिन पहले भक्तन की बावड़ी से मेन रोड तक निगम द्वारा ठेकेदार द्वारा गड्ढों पेचवर्क कर मरम्मत की गई लेकिन पिछले दिनों की बरसात में ही निर्माण कार्य की पोल खोल दी और गड्ढे वापस हो गए, जो घटिया निर्माण दर्शा रहा है, नगर निगम को चाहिए कि ठेकेदार से पुनः मरम्मत कराई जाए जिससे कि वह ज्यादा गड्ढे ना हो सके तथा यातायात सुगम हो सके।

नगर निगम भक्तन की बावड़ी रेलवे ब्रिज के दोनों तरफ भारी भरकम लोहे के बैरिकेट्स लगा दिए हैं लेकिन उसका औचित्य आज तक समझ से परे है। आज भी ब्रिज के बाहर बस स्टैंड के व्यापारी वर्ग कचरा फेंक देते है जो वहां से निकलने वाले राहगीरों को बदबू और गंदगी का सामना करना पड़ रहा है।

स्वदेश 15/1/22

कोरोना रैपिड टेस्ट किट के उपयोग पर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की नजर

# रतलाम में 433 कोरोना मरीजों की संख्या एक दिन में 98 नए मरीज आए सामने

पत्रिका बिग इश्यू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार अब बेकाबू हो चुकी है। बीते 1 सप्ताह के दौरान ही मरीजों का आंकड़ा प्रतिदिन आने वाली संख्या में 100 के करीब पहुंच गया है। मेडिकल कॉलेज की कोविड लैब से शुक्रवार की रात आई जांच रिपोर्ट में कोरोना के 98 नए मरीज सामने आए हैं। कोरोना की तीसरी लहर के दौर में यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है जिसके चलते रतलाम में कोरोना मरीजों की संख्या 433 पर पहुंच गई है।

जिले में कोरोना की तीसरी लहर के दौर में कोरोना रैपिड टेस्ट किट बाजार में आ चुकी है, जिसका बीमारी के दौर में लोग धड़ल्ले से उपयोग भी करने लगे हैं। ऐसे में किट का उपयोग करने वाले कौन लोग है पता लगाने के खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने इन लोगों की ओर नजर घुमा ली है। किट का उपयोग करने वालों का हिसाब रखने के संबंध में कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम के आदेश पर संबंधित विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए है।



## नाम, पता, मोबाइल नंबर रखना होगा

औषधि निरीक्षक अजय ठाकुर ने शुक्रवार को थोक एवं खेरची औषधि विक्रेताओं को निर्देश जारी किए है। कोरोना रैपिड टेस्ट किट मेडिकल स्टोर्स से किन मरीजों को विक्रय की जा रहा है, उसकी जानकारी रखने के साथ ही इसकी सूचना भी संबंधित विभाग को देना होगी। मुख्य रूप से थोक औषधि और खेरची औषधि विक्रेता कोरोना रैपिड टेस्ट किट खरीदता है तो बिल संस्थान में रखेगा। किट जिन खेरची औषधि विक्रेता को विक्रय करता है, वह प्रतिदिन विक्रय बिल औषधि निरीक्षक के व्हाट्स एप्प पर भेजगा। खेरची औषधि विक्रेता भी जिन मरीजों को टेस्ट किट बेचता है, उस मरीज का नाम, पता, मोबाइल नंबर संधारित करेगा। एक मरीज के नाम से एक ही किट बेचेगा और प्रतिदिन औषधि निरीक्षक के व्हाट्स एप्प पर उसकी जानकारी भेजेगा। बिना मरीज की जानकारी के कोई भी कोरोना रैपिड टेस्ट किट नहीं बेच सकेगा। टेस्ट किट भी नियमानुसार तय कीमत पर ही बेची जा सकेगी।

## इनका भी रखना होगा लेखा-जोखा

औषधि निरीक्षक अजय ठाकुर ने सभी खेरची औषधि विक्रेताओं को निर्देश जारी किए है कि सर्दी, खासी, बुखार की दवाई खरीदने के लिए मरीज या उनके परिजन आते हैं तो मरीज का नाम, पता और मोबाइल नंबर के साथ ही मरीज के लक्षण की जानकारी लेने की बाद ही दवाई दे सकेंगे। इतना ही नहीं इसका रिकॉर्ड भी गूगल फॉर्म लिंक में प्रतिदिन भेजना होगा। दोनों ही मामलों में निर्देशों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूल में बिना वैक्सीनेश के मिले बच्चे तो प्रबंधक व प्राचार्य पर होगी एफआइआर

जिले में स्कूली बच्चों के वैक्सीनेशन को लेकर अब प्रशासन और सख्त हो गया है। निजी और शासकीय स्कूलों में जितने बच्चों का वैक्सीनेशन होना था, उतने बच्चों का अब भी नहीं हुआ है। पूरे जिले में करीब 20 हजार बच्चे ऐसे है जिनका वैक्सीनेशन नहीं हुआ है। बच्चों के वैक्सीनेशन के संबंध में शुक्रवार को कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम ने आदेश जारी करते हुए निजी व शासकीय स्कूल प्रबंधकों और प्राचार्यों के लिए चेतावनी जारी की है, जिसके तहत यदि उनके स्कूलों में बिना वैक्सीनेशन के बच्चे मिलते हैं तो संबंधितों के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि तीसरी लहर में बड़ी संख्या में मरीज सामने आ रहे हैं। यह संख्या आगामी दिनों में बढ़ेगी। लॉकडाउन नहीं है, क्यो कि आर्थिक गतिविधियां चलते रहना चाहिए। ऐसी स्थिति में किसी भी व्यक्ति को सर्दी, खांसी, बुखार आता है तो स्वयं को आइसोलेट कर ले और फिर टेस्ट कराए और पूरा परिवार भी कुछ दिनों तक आइसोलेट हो जाए। अभी जिले में 20 हजार बच्चे ऐसे है जिनका वैक्सीनेशन नहीं हुआ है। उन्होने सभी अभिभावकों से अपील की कि अगले दो दिन में वे अपने बच्चों का वैक्सीनेशन करा लें। वैक्सीनेशन के कारण ही लोग ज्यादा बीमार नहीं हो रहे है।

## प्रशासन की बैठक में नहीं पहुंचे चार स्कूल संचालक, कारण बताओ सूचना पत्र जारी

15 से 18 वर्ष आयु के स्कूली बच्चों के शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए गुरुवार को उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थिति दर्ज नहीं कराने जाने पर एसडीएम शहर अभिषेक गहलोत ने चार स्कूल संचालकों को नोटिस जारी किया है। जिन स्कूलों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है उनमें नाहर कान्वेंट जैन कॉलोनी, निर्मला कान्वेंट प्रताप नगर, स्कॉलर स्कूल रामबाग तथा सन एंड शाइन स्कूल टीआईटी रोड है। उत्कृष्ट स्कूल में कोरोना संक्रमण रोकने की बैठक हुई तो यहां कोरोना संक्रमण रोकने के कोई उपाय ही नहीं किए गए। सुबह और दोपहर दो बैठकें हुईं। एक बैठक खत्म होते ही दूसरी बैठक शुरू करवा दी गई। न तो कुर्सियों पर सैनेटाइज किया गया और न ही आने वालों के हाथों को सैनेटाइज किया गया।

पत्रिका।

पत्रिका 15/1/22

# स्कूल में बच्चों को वैक्सीन नहीं लगी तो संचालक पर होगी एफआइआर


## दो दिन में 24 हजार बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य, शत प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्कूलों में संस्था प्रमुख सुनिश्चित करें कि अभियान में उनके यहां के सभी बच्चे शत-प्रतिशत वैक्सीनेटेड हो जाएं। यदि किसी स्कूल या संस्थान में 15 वर्ष से 17 वर्ष आयु के बगैर वैक्सीन के बच्चे पाए गए तो संबंधित संस्था प्रमुख पर धारा 188 एवं महामारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कराया जाएगा। जिले में बच्चों के शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने यह निर्देश जारी किए हैं।

बच्चों के वैक्सीनेशन को लेकर एक विशेष बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित की। कलेक्टर ने कहा कि शनिवार तथा रविवार को जिले में 24 हजार बच्चों को वैक्सीनेट किया जाएगा। मालूम हो कि 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग में कुल 93984 को टीका लगाया जाना है।इसमें से 69079 को टीके लगाए जा चुके हैं।

### जिले में 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग में वैक्सीनेशन की स्थिति

| विकासखंड | लक्ष्य | प्राप्ति |
|---|---|---|
| आलोट | 14142 | 9119 |
| बाजना | 10622 | 6502 |
| जावरा | 15700 | 12883 |
| पिपलौदा | 8937 | 5769 |
| सैलाना | 8720 | 6130 |
| रतलाम ग्रामीण | 16299 | 11270 |
| रतलाम शहर | 19564 | 17406 |



कलेक्टर ने निर्देश दिए कि टीकाकरण से जुड़े किसी भी अधिकारी, कर्मचारी को शनिवार, रविवार को अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। वे मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे। किसी भी अधिकारी ने अपने अधीनस्थ को अवकाश प्रदान किया तो वह जिम्मेदार रहेगा। दो दिवसों में कलेक्टर द्वारा टीकाकरण के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। सबसे ज्यादा गेप बाजना क्षेत्र की बताई गई। कलेक्टर ने कहा कि शनिवार, रविवार के वैक्सीनेशन के लिए वाहनों की आवश्यकता की पूर्ति की जाएगी। इसके लिए रोगी कल्याण समिति से भुगतान किया जाएगा। समग्र डाटा लेकर ग्राम पंचायत सचिवों को डाटा उपलब्ध कराया जाए।

### ड्रापआउट बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए

बच्चों के वैक्सीनेशन के लिए विधायक डाक्टर राजेंद्र पांडेय ने कहा कि ड्रापआउट बच्चों के वैक्सीनेशन पर विशेष ध्यान दिया जाए वे बच्चे छूटे नहीं। एसडीएम अभिषेक गहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में 2500 ड्रापआउट बच्चों को वैक्सीन लगाए गए हैं। एसडीएम ग्रामीण कृतिका भीमावद ने बताया कि रतलाम ग्रामीण में कुछ अभिभावक बच्चों को वैक्सीन लगवाने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्हें समझाइश दी जा रही है।

### बैठक में अनुपस्थिति पर चार स्कूल संचालकों को नोटिस

स्कूली बच्चों के वैक्सीनेशन को लेकर गत दिवस उत्कृष्ट विद्यालय पर आयोजित बैठक में अनुपस्थिति पर एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गहलोत द्वारा चार स्कूल संचालकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि स्कूलों के कुछ बच्चे टीकाकरण से शेष है। जिन स्कूलों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है उनमें नाहर कान्वेंट जैन कॉलोनी, निर्मला कान्वेंट प्रताप नगर, स्कालर स्कूल रामबाग तथा सन एंड शाइन स्कूल टीआइटी रोड शामिल है। इन स्कूलों से कोई भी प्रतिनिधि समीक्षा बैठक में उपस्थित नहीं हुआ।

नईदुनिया 15/1/22

# नोटिस के साथ निगम की टीम ने लगाया लाल निशान, हटेगा निर्माण

रतलाम। निगम की टीम शुक्रवार को शहर के कस्तूबा नगर में पहुंची। कस्तूरबा नगर की गली नंबर सात की सड़क पर किया कच्चा-पक्का अतिक्रमण हटाने के लिए टीम

**▸ अतिक्रमण हटाने दिया सात दिन का समय**

ने लाल निशान लगाए। साथ ही मकान स्वामी को स्वंय अतिक्रमण हटाने के लिए सात दिन का समय दिया है।

जानकारी के अनुसार पूर्व में कस्तुरबा नगर में 47 मकानों को अतिक्रमण को लेकर नोटिस जारी




किए गए थे। निगम के अनुसार रहवासियों ने आगे लोहे की जाली, पक्का फर्श बनाकर कच्चा-पक्का अतिक्रमण कर रखा है। इस पर कुछ लोगों ने कोर्ट से गुहार लगाई थी।

वहां से आदेश होने के बाद इंजीनियरों ने नपती की तो मौके पर सिर्फ 60 फीट की जगह सिर्फ 22 से 25 फीट की ही सड़क निकली। इसके बाद नगर निगम के पीडब्ल्यूडी विभाग ने अतिक्रमण करने वाले 47 मकान मालिकों की सूची बनाकर नोटिस जारी किए हैं। इसमें खुद अतिक्रमण हटाने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर निगम हटाएगा। साथ ही तोड़ने के बदले 15 हजार रुपए प्रतिघंटे के मान से खर्च भी वसूलेगा।

नवभारत 15/1/22

# तीसरी लहर को जनसहयोग के मॉडल से रोकेंगे : मुख्यमंत्री श्री चौहान

इन्दौर

रतलाम। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोविड के नियंत्रण में मध्यप्रदेश का जन-भागीदारी मॉडल तीसरी लहर में भी काम आएगा। कोविड की पहली और दूसरी लहर में जिस तरह से जन-सहयोग से संकट की स्थितियों से निपटते हुए कार्य हुआ है उसी तरह एक बार फिर सरकार और नागरिक मिलकर तीसरी लहर को पराजित करेंगे। संयुक्त रूप से किए जाने वाले प्रयत्नों को सफलता मिलेगी, मानवता जीतेगी।

इस अवसर पर रतलाम के एनईसी कक्ष में विधायक जावरा डा. राजेंद्र पाण्डेय, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, कमेटी सदस्य राजेंद्रसिंह लूनेरा, वीरेंद्र पाटीदार, गोविंद काकानी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता, एपीडीएमओ लाजिस्ट डॉ. गौरव बोरीवाल, डा. प्रमोद प्रजापति, होमगार्ड कमांडेंट सुश्री रोशनी बिलवाल, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद श्री रत्नेश विजयवर्गीय, डॉक्टर जयंत सुभेदार आदि उपस्थित थे।मुख्यमंत्री श्री चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा निवास से प्रदेश के जिलों में कोविड की स्थिति, किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ले रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों से संवाद कर उनके सुझाव प्राप्त किए। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य के मंत्री भी वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा चर्चा और बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री निवास से हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े सभी जन-प्रतिनिधियों और अधिकारियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ दीं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि होम आयसोलेशन में ही सबसे ज्यादा लोग रहेंगे, इनका ध्यान रखें, सावधानियों से अवगत करवाएँ। यह महत्वपूर्ण है। प्रदेश में अभी 21 हजार 394 मरीज होम आयसोलेशन में हैं। इन्हें आवश्यक सुविधाएँ दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान 17 जनवरी को कलेक्टर्स कांफ्रेंस में पुनः टीकाकरण कार्य और संक्रमण नियंत्रण की समीक्षा करेंगे।

इन्दौर समाचार 15/1/22

# तीसरी लहर में पहली बार एक दिन में 98 नए मरीज

## 14 दिन में 415 मरीज मिले, मेडिकल कालेज के अस्पताल में 19 भर्ती





कोरोना की जांच के लिए सैंपल लेते हुए स्वास्थ्यकर्मी। •नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना की तीसरी लहर अब तेजी से फैल रही है। जनवरी माह के दूसरे सप्ताह में संक्रमण की रफ्तार लगातार बढ़ रहा है। 14 दिन में 415 मरीज मिले हैं। इसमें शुक्रवार मिले 98 मरीज भी शामिल हैं। संक्रमण की दर अब चार से बढ़कर पांच प्रतिशत के करीब पहुंच गई है। इन सबके बीच कुछ राहत इस बात की है कि संक्रमित मरीजों में मेडिकल कालेज के अस्पताल में 19 मरीज ही भर्ती हुए हैं। शेष का उपचार कोविड केयर सेंटर या होम आइसोलेशन में घर पर ही हो रहा है।

शुक्रवार को मरीजों की संख्या में तेजी से उछाल आया। मेडिकल कालेज के अधीक्षक डा. प्रदीप मिश्रा ने बताया कि कोविड अस्पताल के आइसोलेशन में 19 मरीज भर्ती हैं। आइसीयू में भर्ती मरीजों की हालत भी स्टेबल है। इस बार हास्पिटलाइजेशन की दर कम है, लेकिन सावधानी बरतना जरूरी है। कोविड गाइडलाइन का पालन अनिवार्य रूप से करें। मास्क पहनें।

### रोकस के माध्यम से हो मशीनों की खरीदी

कलेक्टोरेट में हुई बैठक में विधायक डाक्टर पांडेय ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाली रोगी कल्याण समिति बैठकों की जानकारी सीएमएचओ को पता हो। सीटी स्कैन या इस तरह के उपकरण जिला रोगी कल्याण समिति के माध्यम से भी खरीदी किए जाने का प्रविधान सीएसआर फंड द्वारा होना चाहिए। विधायक निधि से पिपलौदा स्वास्थ्य संस्था को 23 लाख रुपये देने के बाद भी कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। कलेक्टर ने तत्काल कार्य शुरू करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। विधायक मकवाना ने ग्रामीण क्षेत्र में एंबुलेंस सेवाओं के सतत संचालन पर जोर दिया।

### मुख्यमंत्री ने क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप से किया संवाद

कोविड की पहली और दूसरी लहर की तरह एक बार फिर सरकार और नागरिक मिलकर तीसरी लहर को पराजित करेंगे। यह बात मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने गुरुवार को भोपाल से वीसी के जरिए क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप से संवाद के दौरान कही। रतलाम के एनआइसी कक्ष में विधायक जावरा डा. राजेंद्र पाण्डेय, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, कमेटी सदस्य राजेंद्रसिंह लूनेरा, वीरेंद्र पाटीदार, गोविंद काकानी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे, मेडिकल कालेज डीन डा. जितेंद्र गुप्ता, एपीडीएमओ लाजिस्ट डा. गौरव बोरीवाल, डा. प्रमोद प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

| तारीख | पाजिटिव केस |
|---|---|
| 14 जनवरी | 98 |
| 13 जनवरी | 66 |
| 12 जनवरी | 62 |
| 11 जनवरी | 47 |
| 10 जनवरी | 43 |
| 09 जनवरी | 44 |
| 08 जनवरी | 48 |

### कोरोना टेस्ट किट किसको बेची, रखनी होगी जानकारी

कोरोना जांच के लिए सेल्फ टेस्ट खरीदने वाले का मेडिकल स्टोर संचालकों को पूरा रिकार्ड रखना होगा। शुक्रवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने एनआइसी कक्ष में आयोजित बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर अजय ठाकुर को निर्देशित किया कि कोरोना टेस्ट किट खरीदने वालों का डाटा प्रतिदिन उपलब्ध कराया जाए। इसमें खरीदकर्ता का नाम, पता तथा दो मोबाइल नंबर सहित किट खरीदने की तारीख शामिल हो। निजी अस्पताल प्रबंधन को भी कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कोरोना टेस्ट के लिए आने वाले को शासन के निर्धारित टेस्ट सेंटर पर भेजें। ड्रग इंस्पेक्टर ठाकुर ने मेडिकल संचालकों को निर्देश व फारमेट भी जारी कर दिया। मालूम हो कि नईदुनिया में 13 जनवरी के अंक में बाजार में मिलने लगी कोरोना किट, लोग खुद ही कर रहे जांच शीर्षक से खबर प्रकाशित कर पाजिटिव आए लोगों द्वारा जानकारी छुपाने का उल्लेख किया गया था।

नदि.

नईदुनिया 15/1/22

# मास्क नहीं... सात दुकानें 48 घंटे के लिए बंद, जुर्माना भी

**रतलाम, नप्र।** कोरोना संक्रमण पर काबू पाने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के अधीक्षक गौरव तिवारी एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान के अलावा अन्य अधिकारी ने कोरोना से बचाव के लिए मास्क पहनने का अनुरोध किया।



कल मित्र निवास रोड, राजपूत बोर्डिंग, अलकापुरी, शहर सराय, धानमंडी क्षेत्रों में मास्क-नहीं पहनने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। आधा दर्जन से ज्यादा दुकानदार बिना मास्क के मिले अधिकारियों ने उन्हें मास्क पहनने की समझाईश देकर दो-दो हजार रुपए का जुर्माना किया साथ ही 48 घंटे के लिए दुकानें बंद करवाने और धारा 188 में प्रकरण भी बनाए जाने को कहा। निरीक्षण दौरान ऐसे राहगीरों को पकड़ा जो बिना मास्क लगाए घूम रहे थे उन पर निगम की टीम ने दो सौ रुपए का जुर्माना किया।

**कंट्रोल रूम का निरीक्षण**-शहर का जायजा लेने से पहले कलेक्टर जनपद पंचायत कार्यालय परिसर स्थित ई दक्ष केन्द्र पहंचे। यहां कोविड कमांड एवं कन्ट्रोल सेंटर बना रखा है। कलेक्टर ने कन्ट्रोल रूप में होम आइसोलेटेड मरीजों की मानिटरिंग सिस्टम को देखते हुए जरूरी निर्देश देकर 175 कॉलिंग सिस्टम की वर्किंग प्रक्रिया की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारी भी निरीक्षण दौरान साथ थे।

प्र.भा. 14


प्रभातकिरण 14/1/22

# कस्तूरबा नगर में अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम ने लाल निशान लगाए

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

कस्तूरबा नगर गली नंबर सात की सड़क पर किया कच्चा-पक्का अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम ने शुक्रवार को लाल निशान लगाकर मकान स्वामी को स्वंय अतिक्रमण हटाने के लिए सात दिन का समय दिया है ।

जानकारी के अनुसार पूर्व में कस्तुरबा नगर में 47 मकानों को अतिक्रमण को लेकर नोटिस जारी किए गए थे। निगम के अनुसार रहवासियों ने आगे लोहे की जाली, पक्का फर्श बनाकर कच्चा-पक्का अतिक्रमण कर रखा है। इस पर कुछ लोगों ने कोर्ट से गुहार लगाई थी। वहां से आदेश होने के बाद इंजीनियरों ने नपती की तो मौके पर सिर्फ 60 फीट की जगह सिर्फ 22 से 25 फीट की ही सड़क निकली।



इसके बाद नगर निगम के पीडब्ल्यूडी विभाग ने अतिक्रमण करने वाले 47 मकान मालिकों की सूची बनाकर नोटिस जारी किए हैं। इसमें खुद अतिक्रमण हटाने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर निगम हटाएगा। साथ ही तोड़ने के बदले 15 हजार रुपए प्रतिघंटे के मान से खर्च भी वसूलेगा। नगर निगम का टीम ने शुक्रवार को कस्तुरबा नगर गली न. 7 में अतिक्रमण पर लाल निशान लगा दिए। निशान के आगे से अतिक्रमण हटाया जाना है।आज नगर निगम ने सूचना पत्र देकर सात दिन में मार्किंग के अनुसार अतिक्रमण हटाने के लिए कहा है।इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया तो निगम की गैंग अतिक्रमण हटाएगी।

दबंग दुनिया 15/1/22



# 2 दिनों में 24 हजार बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा

रतलाम। जिले में 15 से 18 वर्ष आयु के बच्चों के वैक्सीनेशन को लेकर एक विशेष बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित की गई जिसमें सभी विकासखंडों को लक्ष आवंटित किए गए। कलेक्टर ने कहा कि 2 दिनों यानी शनिवार तथा रविवार को जिले में 24 हजार बच्चों को वैक्सीनेट किया जाएगा।

बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, शहर एसडीएम, ग्रामीण एसडीएम के अलावा स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास, खाद्य तथा शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि टीकाकरण से जुड़े किसी भी अधिकारी, कर्मचारी को शनिवार, रविवार को अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। वे मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे। किसी भी अधिकारी ने अपने अधीनस्थ को अवकाश प्रदान किया तो वह जिम्मेदार रहेगा। शनिवार, रविवार के 2 दिवसों में कलेक्टर द्वारा टीकाकरण के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। सबसे ज्यादा गेप बाजना क्षेत्र की बताई गई। कलेक्टर ने कहा कि शनिवार, रविवार के वैक्सीनेशन हेतु वाहनों की आवश्यकता की पूर्ति की जाएगी। इसके लिए रोगी कल्याण समिति से भुगतान किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समग्र डाटा लेकर ग्राम पंचायत सचिवों को डाटा उपलब्ध कराया जाए।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 15/1/22

कई आंदोलन हुए, लेकिन किसी ने अधिग्रहण में रुचि नहीं ली

# बाहर के सौंदर्यीकरण की योजना, अंदर जर्जर हो रहा दरबार महल

पत्रिका न्यूज पंच

**रतलाम.** हाल ही में पैलेस रोड स्थित महलवाड़ा के बाहरी सौंदर्यीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। हैरिटेज वॉक के बाद यह उम्मीद बंधी थी कि राजमहल के अंदर स्थित जर्जर हो रहे दरबार महल के बारे में जिम्मेदार रुचि लेंगे, लेकिन अब तक इस बारे में किसी ने पहल नहीं की है। बता दे कि 1980 से अब तक कई बार राजमहल के अधिग्रहण को लेकर आंदोलन किए गए, लेकिन जिम्मेदारों की रुचि के अभाव में अब तक इस मामले में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पाया है।

राजमहल के सौंदर्यीकरण की दिशा में सबसे पहले घोषणा तत्कालीन महापौर आशा मौर्य ने रतलाम स्थापना दिवस समिति की मांग पर की थी। तब से अब तक इस मामले में कुछ नहीं हुआ। इनके बाद तत्कालीन महापौर शैलेंद्र डागा ने भी दावे तो किए, लेकिन बड़ा काम नहीं हो पाया। हालांकि इनके बाद आए महापौर ने कभी इस बारे में रुचि ही नहीं ली।



राजमहल में जहां राजा का दरबार लगता था, वो स्थान उचित देखरेख के अभाव में जर्जर हो रहा है। आए दिन यहां कभी छज्जा तो कभी दीवार गिरने की घटनाएं होती है। दरबार महल के रखरखाव के प्रति जिम्मेदारों की रुचि के अभाव में यहां की गई नक्काशी भी बरकरार नहीं रह पाएगी। बता दे कि 1980 के दशक में सामाजिक कार्यकर्ता संजय मुसले ने व इसके बाद 1990 में राजमहल बचाओ संघर्ष समिति ने लंबा आंदोलन इसके लिए किया था। मुसले तो राजमहल क्षेत्र में चल रहे जिस स्कूल के लिए लड़े, उसमे सफलता मिल गई, लेकिन इसके आगे के काम कोई नहीं करवा पाया। यहां तक की संघर्ष समिति ने कई दिन का धरना, पोस्टकार्ड अभियान भी चलाया, लेकिन कोरे आश्वासन के अलावा अब तक कुछ हाथ नहीं आया है।

## इसलिए जरूरी है

असल में सौंदर्यीकरण की दिशा में सिटी फोरलेन बनाने के लिए नगर निगम ने टेंडर किए, लेकिन बजट के अभाव में दो वर्ष बाद भी विकास कार्य के लिए रुपए का अभाव बताया जा रहा है, जबकि शहर के अन्य क्षेत्र में प्राथमिकता से कार्य हो रहे है। ऐसे में अब तो क्षेत्रीय नागरिक भी आरोप लगा रहे है कि जिम्मेदार जान करके इस क्षेत्र की उपेक्षा कर रहे है। सिटी फोरलेन बनाने की योजना में ही राजमहल का बाहरी सौंदर्यीकरण भी शामिल रहा है।

राजमहल के बाहरी क्षेत्र के सौंदर्यीकरण करने की बात, हमारी प्राथमिकता में शामिल है। जल्दी ही इस कार्य की शुरुआत होगी। - **चेतन्य काश्यप**, शहर विधायक

पत्रिका

पत्रिका 15/11/22

# निगम आयुक्त ने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संपत्ति कर व जल कर वसूली, 2000 स्क्वेयर फीट से अधिक के भवन/भूखण्डों, कोरोना के मरीजों को मेडिकल किट प्रदान करने, निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कोरोना का बूस्टर डोज लगवाए जाने के संबंध में निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



आयोजित बैठक में 2000 स्क्वेयर फीट से अधिक के भवन, भूखण्ड के सर्वे हेतु नियुक्त दल को निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि प्रथम चरण में व्यावसायिक भवन, भूखण्डों का सर्वे कर संबंधित द्वारा भरे गए विवरणी से मिलान किया जाए। विवरणी में दर्शाये गए क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल पाया जाता है संबंधित को नपती किए क्षेत्रफल का 5 गुना संपत्ति कर वसूला जाए।

नगर की औद्योगित ईकाइयों की भवन निर्माण अनुज्ञा जाचं हेतु निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि जी.एम. डीआईसी से नगर की औद्योगिक ईकाइयों की सूची प्राप्त करें। श्री झरिया ने निर्देशित किया कि संपत्ति कर, जल कर व दुकान की वसूली तेजी से किए जाने हेतु व्हाट्स एप ग्रुप बनाए जाकर प्रतिदिन की वसूली की जानकारी अपलोड की जाए। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि कम्पाउडिंग के कार्य में तेजी लाएं व संबंधितों को नोटिस जारी किए जाए। मुख्यमंत्री द्वारा चलाए गए अंकुर अभियान के तहत निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को वायु दूत एप डाउनलोड कर अपने-अपने घरों उद्यानों व अन्य स्थानों पर रोपे गए पौधों व उनके रख-रखाव की जानकारी दर्ज कि किए जाने के निर्देश दिए।

स्वदेश

स्वदेश 15/1/22

# कस्तुरबा नगर में नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण पर लगाया लाल निशान, नोटिस देकर हटाने के लिए दिया सात दिन का समय

**रतलाम। कस्तूरबा नगर गली नंबर सात की सड़क पर किया कच्चा-पक्का अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम ने आज लाल निशान लगाकर मकान स्वामी को स्वंय अतिक्रमण हटाने के लिए सात दिन का समय दिया है ।**

जानकारी के अनुसार पूर्व में कस्तुरबा नगर में 47 मकानों को अतिक्रमण को लेकर नोटिस जारी किए गए थे। निगम के अनुसार रहवासियों ने आगे लोहे की जाली, पक्का फर्श बनाकर कच्चा-पक्का अतिक्रमण कर रखा है। इस पर कुछ लोगों ने कोर्ट से गुहार लगाई थी। वहां से आदेश होने के बाद इंजीनियरों ने नपती की तो मौके पर सिर्फ 60 फीट की जगह सिर्फ 22 से 25



फीट की ही सड़क निकली। इसके बाद नगर निगम के पीडब्ल्यूडी विभाग ने अतिक्रमण करने वाले 47 मकान मालिकों की सूची बनाकर नोटिस जारी किए है। इसमें खुद अतिक्रमण हटाने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर निगम हटाएगा। साथ ही तोड़ने के बदले 15 हजार रुपए प्रतिघंटे के मान से खर्च भी वसूलेगा।

## लगाए लाल निशान

नगर निगम का टीम ने शुक्रवार को कस्तुरबा नगर गली न. 7 में अतिक्रमण पर लाल निशान लगा दिए। निशान के आगे से अतिक्रमण हटाया जाना है।आज नगर निगम ने सूचना पत्र देकर सात दिन में मार्किंग के अनुसार अतिक्रमण हटाने के लिए कहा है।इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया तो निगम की गैंग अतिक्रमण हटाएगी। इन्दौर

इन्दौर समाचार 15/1/22

# कोविड जांच एवं टीकाकरण शिविर 17 को, टीकें भी लगेंगे

रतलाम। जिला न्यायाधीश अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं अभिभाषक संघ के सहयोग से 17 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे एडीआर भवन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रतलाम में कोविड-19 संक्रमण से सुरक्षा एवं बचाव हेतु जांच सह टीकाकरण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में न्यायाधीशगण तथा अभिभाषकगण तथा उनके परिजनों को वैक्सीन का प्रथम, द्वितीय तथा बूस्टर डोज लगाया जाएगा। साथ ही निःशुल्क आर.टी.पी.सी.आर. जांच की जाएगी।

नवभारत

नवभारत 15/1/२२

वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# तैयारी : मिलकर करेंगे तीसरी लहर को पराजित

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com



**रतलाम.** कोरोना की तीसरी लहर के खतरे को देखते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को जिले के अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से चर्चा की। सीएम ने कहा कि कोविड के नियंत्रण में मध्यप्रदेश का जन-भागीदारी मॉडल तीसरी लहर में भी काम आएगा। पहली और दूसरी लहर में जिस तरह से जन-सहयोग से संकट की स्थितियों से निपटते हुए कार्य हुआ है, उसी तरह एक बार फिर सरकार और नागरिक मिलकर तीसरी लहर को पराजित करेंगे।

सीएम ने वीसी द्वारा निवास से प्रदेश के जिलों में कोविड की स्थिति और उससे निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों से संवाद कर उनके सुझाव प्राप्त किए। जनवरी को फिर से टीकाकरण कार्य और संक्रमण नियंत्रण की समीक्षा होगी। वीसी के दौरान रतलाम एनईसी कक्ष में विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पाण्डेय, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, कमेटी सदस्य राजेंद्रसिंह लूनेरा, वीरेंद्र पाटीदार, गोविंद काकानी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता, एपीडीएमओ लाजिस्ट डॉ. गौरव बोरीवाल, डॉ. प्रमोद प्रजापति सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## वकीलों और पक्षकारों की भौतिक उपस्थिति पर 15 दिन लगे रोक

जिला अभिभाषक संघ ने जिले के सभी न्यायालयों में पक्षकारों की भौतिक उपस्थिति 15 दिन तक बंद करने एवं साक्ष्य के प्रकरण आगे बढाने की मांग की है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सौंपे गए पत्र में आपराधिक प्रकरणों में भी आरोपियों को उपस्थिति से छूट देने और सिर्फ अत्यावश्यक प्रकरणों की वर्चुअल सुनवाई के आदेश देने का आग्रह किया है। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अभय शर्मा एवं सचिव विकास पुरोहित ने बताया कि जिले में कोरोना पॉजीटिव मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिला न्यायालय में पंचम अपर सत्र न्यायालय के कर्मचारी पूर्व में पॉजीटिव आ चुके हैं। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी तथा तृतीय अपर सत्र न्यायालय के कर्मचारी भी पॉजीटिव आ गए हैं। संघ के अनुसार अतिरिक्त अधीनस्थ न्यायाधीश द्वारा भौतिक साक्ष्य के लिए अभिभाषकों पर दबाव भी डाला जा रहा है। 15 दिन पक्षकार की भौतिक उपस्थिति बंद कर प्रकरण आगे बढ़ाने का आग्रह किया है। जिला न्यायालय स्थित विधिक सहायता भवन में 17 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से कोरोना टीकाकरण एवं जांच का बूस्टर डोज, टीकाकरण का प्रथम एवं द्वितीय डोज लगाया जाएगा। इसके साथ ही आरटीपीसीआर जांच भी की जाएगी।

सीएम ने कहा कि घर-घर दस्तक देकर 15 से 18 वर्ष के बच्चों का 100 प्रतिशत टीकाकरण करवाएं। कोविड से बचने का यह सशक्त माध्यम है। सभी जिले फीवर क्लीनिकों में टेस्टों की संख्या बढ़ा दें। पर्याप्त मात्रा में फीवर क्लीनिक होना चाहिए। टेस्ट की रिपोर्ट 24 घंटे में आ जानी चाहिए ताकि कोई भी स्प्रेडर के रूप में न घूमें। अगर कोई पॉजिटिव आता है तो उसे घर में आयसोलेट कर मेडिकल किट दी जाए। इससे संक्रमित की दवा समय पर शुरू हो जाएगी और इंफेक्शन नहीं बढ़ेगा।


पत्रिका

पत्रिका 15/1/22

# कस्तुरबा नगर में नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण पर लगाया लाल निशान, नोटिस देकर हटाने के लिए दिया सात दिन का समय

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

कस्तूरबा नगर गली नंबर सात की सड़क पर किया कच्चा-पक्का अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम ने आज लाल निशान लगाकर मकान स्वामी को स्वंय अतिक्रमण हटाने के लिए सात दिन का समय दिया है ।



जानकारी के अनुसार पूर्व में कस्तुरबा नगर में 47 मकानों को अतिक्रमण को लेकर नोटिस जारी किए गए थे। निगम के अनुसार रहवासियों ने आगे लोहे की जाली, पक्का फर्श बनाकर कच्चा-पक्का अतिक्रमण कर रखा है। इस पर कुछ लोगों ने कोर्ट से गुहार लगाई थी। वहां से आदेश होने के बाद इंजीनियरों ने नपती की तो मौके पर सिर्फ 60 फीट की जगह सिर्फ 22 से 25 फीट की ही सड़क निकली।

इसके बाद नगर निगम के पीडब्ल्यूडी विभाग ने अतिक्रमण करने वाले 47 मकान मालिकों की सूची बनाकर नोटिस जारी किए हैं। इसमें खुद अतिक्रमण हटाने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर निगम हटाएगा। साथ ही तोड़ने के बदले 15 हजार रुपए प्रतिघंटे के मान से खर्च भी वसूलेगा।

अवन्तिका

### आज लगाए लाल निशान

नगर निगम का टीम शुक्रवार को कस्तुरबा नगर ग न. सात में अतिक्रमण पर ला निशान लगा दिए। निशान के आ से अतिक्रमण हटाया जा है।आज नगर निगम ने सूचना प देकर सात दिन में मार्किंग अनुसार अतिक्रमण हटाने के लि कहा है इसके बाद भी अतिक्रम नहीं हटाया तो निगम की ग अतिक्रमण हटाएगी।

अवन्तिका 15/1/22